हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org


देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–205 : जौनपुर, मंगलवार 18 अप्रैल 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## यूपी में अब कोई माफिया किसी को धमका नहीं सकता –सीएम योगी

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश पर लगे दंगे के राज्य के कलंक को हम मिटा चुके हैं। 2017 से पहले यूपी दंगे के लिए जाना जाता था। हर दूसरे दिन दंगा होता था। 2012 से 17 के बीच 700 से ज्यादा दंगे हुए थे। 2017 के बाद दंगे की नौबत ही नहीं आई। आज किसी जनपद के नाम से यूपी में डरने की आवश्यकता नहीं है। यूपी की पहचान के जो लोग संकट हुआ करते थे आज वह स्वयं संकट में हैं। आज कोई भी अपराधी व्यापारी को धमका नहीं सकता। उत्तर प्रदेश सरकार आप सभी निवेशकों की पूंजी को सुरक्षित रखने में सक्षम है। सीएम योगी ने मंगलवार को पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र एवं परिधान (पीएम मित्र) योजना के अंतर्गत लखनऊ–हरदोई में एक हजार एकड़ में विस्तृत टेक्सटाइल पार्क की स्थापना को लेकर लोकभवन में आयोजित एमओयू के कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान केंद्रीय वाणिज्य, उद्योग एवं कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल और केंद्रीय कपड़ा राज्य मंत्री विक्रम जरदोश मौजूद थीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि पहले कहा जाता था, जहां से अंधेरा शुरु हो, वहां से उत्तर प्रदेश शुरू हो जाता है। 75 में से 71 जनपद अंधेरे में होते थे। आज ये दूर हो चुका है। आज यूपी के गांवों में स्ट्रीट लाइट्स जगमगा रही हैं। सीएम योगी ने कहा कि यूपी जैसा कृषि प्रधान राज्य जहां पर एक बड़ी आबादी अपनी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर करती है। रोजगार के दृश्य से अगर हम देखें तो वस्त्र उद्योग ही सर्वाधिक रोजगार सृजन करने वाला क्षेत्र है। यूपी में वस्त्र उद्योग की एक समृद्ध परम्परा रही है। यहां का हैंडलूम, पावरलूम, वाराणसी और आजमगढ़ की सिल्क साड़ियां, भदोही का कारपेट, लखनऊ की चिकनकारी और सहारनपुर का क्राफ्ट यह सब विश्वविख्यात रहा है। उन्होंने कहा कि कानपुर कभी वस्त्र उद्योग का केंद्र रहा है उसकी गिनती 4–5 महानगरों में होती थी। सीएम योगी ने कहा कि यूपी न केवल अपने औद्योगीकरण के लिए बल्कि नगरीय व्यवस्था की दृष्टि से भी देश का एक महत्वपूर्ण प्रदेश माना जाता था। लेकिन एक कालखंड ऐसा भी आया जिसमें यूपी की इस पहचान को पूरी तरह समाप्त सा कर दिया था। हैंडलूम और पावरलूम को उचित प्रोत्साहन ना मिलने के कारण वह भी दम तोड़ने लगे थे। विगत 9 वर्षों के अंदर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने जो प्रगति की है उसका लाभ लगभग 6 वर्ष के अंदर यूपी को सर्वाधिक मिला है। सीएम योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश की प्रगति किसी से छुपी नहीं है। उन्होंने कहा कि पीएम मित्र योजना के तहत स्थापित होने वाले टेक्सटाइल पार्क को लेकर हस्ताक्षरित हुआ यह एमओयू का कार्यक्रम भारत सरकार और राज्य सरकार के बीच पहला कार्यक्रम है। बेहतरीन कनेक्टिविटी के बीच जिन निवेशकों ने यहां रुचि दिखाई है उन्होंने देखा होगा की एयरपोर्ट से मात्रा आधे घंटे में अपने गंतव्य तक पहुंच सकते हैं। फोर लेन की कनेक्टिविटी यहां पहले




से है, जहां कनेक्टिविटी नहीं है वहां हम जल्द उपलब्ध कराएंगे। आज यूपी का चित्र और चरित्र दोनों बदला हैः पीयूष गोयल केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी की जोड़ी ने उत्तर प्रदेश के लिए कल्पना से बढ़कर कार्य किया है। आज यूपी का चित्र और चरित्र दोनों बदला है। विकास कार्यों में भेदभाव क्या होता है, उत्तर प्रदेश की जनता ठीक से जानती है। 2017 के पहले तक यूपी के लोगों ने इस भेदभाव को झेला है। आज जब डबल इंजन की सरकार कार्य कर रही है तो छह वर्षों में यूपी की बदली हुई तस्वीर हम सबके सामने है। यूपी में बहुत सी सरकारें आई और गईं। सबने अपने राजनीतिक हितों को साधने का काम किया। कानून व्यवस्था और इंफ्रास्ट्रक्चर किसी भी राज्य में उद्योग लगाने की सबसे आवश्यक मांग है। उत्तर प्रदेश के विगत कुछ वर्षों में बहुत कार्य हुआ है। यही वजह है कि यूपी वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनने की ओर आगे बढ़ चुका है। उत्तर प्रदेश के ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट जैसा आयोजन कल्पना के बाहर था। देश और विदेश के निवेशक यूपी जीआईएस में होड़ लगाकर खड़े थे। यूपी जैसी प्रतिभा और मेहनत देश किसी अन्य राज्य में नहीं है। आने वाले दिनों में विकास की दिशा और यहां के लोगों की दशा बदलने वाली है। सीएम योगी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार इस क्षेत्र में बहुत अच्छा कार्य कर रही हैः जरदोश केंद्रीय कपड़ा राज्य मंत्री विक्रम जरदोश ने कहा कि हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट एक हुनर है इसको ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने इसे विश्वकर्मा का दर्जा दिया गया है। इस हुनर से सबसे ज्यादा महिलाएं जुड़ी हुई हैं। इससे जुड़कर देश और उत्तर प्रदेश की महिलाएं सशक्त हो रही हैं। सीएम योगी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार इस क्षेत्र में बहुत अच्छा कार्य कर रही है। सीएम योगी से हमने बहुत कुछ सीखा है। वन स्टेशन वन प्रोडक्ट का आधार यूपी की एक जिला एक उत्पाद योजना है। देश के साढ़े सात सौ स्टेशन पर हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट लगाए गए हैं। इसमें महिलाओं को प्रथमिकता दी जा रही है। इनके बीच एमओयू हुआ हस्तांतरित कार्यक्रम में अपर सचिव टेक्सटाइल, भारत सरकार रोहित कंसल और हथकरघा एवं वस्त्र उद्योग, एमएसएमई, उत्तर प्रदेश सरकार के अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद के बीच एमओयू हस्तांतरित हुआ। यह पार्क केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से तैयार हो रहा है, जिसमें निजी सहभागिता भी होगी। निजी निवेशकों में आदित्य बिड़ला ग्रुप, मेसर्स जीएसएल स्पिनर्स प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स अजुम डेनिम कार्ट एलएनपी, मेसर्स अभिकिम टेक्सटाइल लिमिटेड, मेसर्स एसवीएम, मेसर्स जोसिस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स एमएलके एक्सपोर्ट लिमिटेड और मेसर्स पाथ थ्रेड प्राइवेट लिमिटेड के बीच भी एमओयू हस्तांतरित हुए।

## नौ दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव सम्पन्न : नौ दिनों में एक लाख से अधिक छात्रों ने देखी शिक्षात्मक बाल फिल्में

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में चल रहा ९–दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव (आई.सी.एफ.एफ.– २०२३) आज सम्पन्न हो गया। समापन समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपेन्द्र राय, चेयरमैन व मैनेजिंग डायरेक्टर एवं एडीटर–इन–चीफ, भारत एक्सप्रेस, न्यूज नेटवर्क, ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर बोलते हुए उपेन्द्र राय ने कहा कि सी. एम. एस. का यह अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्मोत्सव बच्चों को सर्वांगीण शिक्षा प्रदान करने का अनूठा अभियान है जिसके माध्यम से छात्रों का चरित्र निर्माण व नैतिक उत्थान कर समाज के रचनात्मक विकास हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इस अच्छे कार्य के लिए मैं सी.एम.एस को बधाई देता हूँ। इस फिल्म महोत्सव द्वारा सी.एम.एस. ने बच्चों के चरित्र निर्माण की ठोस पहल की है। इस अवसर पर बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु पधारे गायक विवेक प्रकाश, अभिनेत्री रमिता कपूर एवं अभिनेता व थियेटर आर्टिस्ट अनिल रस्तोगी ने समारोह की गरिमा में चार चांद लगा दिये। आज भी १२००० से अधिक छात्रों ने फिल्मों से प्रेरणा ली। इन ९ दिनों में एक लाख से अधिक छात्रों ने १०४ देशों की ६०० से अधिक फिल्में देखीं। अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव के अन्तिम दिन आज सी. एम. एस. कानपुर रोड के मेन ऑडिटोरियम के अलावा अन्य सात मिनी आडिटोरियम में भी देश–विदेश की अनेक फिल्मों का प्रदर्शन हुआ, जिनमें द सॉंग ऑफ फ्लाइंग लीव्स, गुलदस्ता, पेपर गॉड, नो वन इस होम, हंगर, लांग लास्ट होम, माई नेम इस फियर, अंगुलिमाल, हू एट द बर्ड, बिफोर डेथ,



इनसाइट विदिन, इट इज मी समाइरा, ए सीकर ऑफ वर्ल्ड यूनिटी, सेव फ्यूचर, नेवर मोर, हैलो अफ्रीका, वर्ड ऑफ ऑनर, ए ट्रिवियल थिंग, द लाइट ऑफ माई लाइफ, बटरफ्लाई हेअरपिन, आइ लव यू फारेस्ट, किंड हर्ट, डैड शैली वी सिंग समथिंग, एन एपल ए डे, एबाउट फ्रेण्डशिप एण्ड बाइसिकल, अपना शहर, अनमोल रतन, द नेम ऑफ ऑवर लैण्ड, ए डे अंडर स्काई आदि प्रमुख थीं। बाल फिल्म महोत्सव में पधारे गायक श्री विवेक प्रकाश, अभिनेत्री रेनिता कपूर एवं अभिनेता व थियेटर आर्टिस्ट अनिल रस्तोगी ने आज एक प्रेस कान्फ्रेन्स में पत्रकारों से भी मुलाकात की। पत्रकारों से बातचीत करते हुए गायक विवेक प्रकाश ने कहा कि सी.एम.एस. ही ऐसा विद्यालय है जिसने बच्चों के चरित्र निर्माण के लिए अत्यन्त ही प्रशंसनीय अनूठा तरीका ढूंढ निकाला है। अभिनेत्री रेनिता कपूर ने कहा कि मैं उम्मीद करती हूँ कि इन बच्चों ने शिक्षात्मक बाल फिल्मों से काफी कुछ सीखा है। अभिनेता व थियेटर आर्टिस्ट अनिल रस्तोगी का कहना था कि यह बाल फिल्मोत्सव निश्चित रूप से मानवता को विकास के पथ पर ले जायेगा। अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव के चेयरमैन, प्रख्यात शिक्षाविद् व सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने कहा कि इस फिल्म फेस्टिवल को लखनऊ के छात्रों, युवाओं, शिक्षकों व अभिभावकों का अभूतपूर्व समर्थन व अपार सहयोग मिला है जिसके लिए मैं लखनऊ की जनता का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ।

## आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान उत्तर प्रदेश प्रयागराज में होगा राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के अंग्रेजी विषय की शिक्षक शिक्षिकाओं का प्रशिक्षण



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। वर्तमान सरकार द्वारा प्रदेश के संचालित राजकीय स्कूलों के शिक्षकों को अंग्रेजी विषय के प्रभावी शिक्षण हेतु प्रशिक्षण दिया जाएगा, वर्तमान पाठ्यक्रम के दृष्टिगत प्रत्येक शिक्षक शिक्षिका को अपडेट करने के उद्देश्य से चक्रवार शेड्यूल जारी किए गए हैं। जे डी लखनऊ कार्यालय के मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ0दिनेश कुमार ने बताया कि ये जनपदवार प्रक्षिक्षण 18 अप्रैल से 10 मई तक 6 चक्रों में दिए जाएंगे अभी प्रथम चरण में प्रत्येक जनपद से चार चार शिक्षक शिक्षिका को चयनित कर प्रशिक्षण हेतु चयनित किया गया है जो स्वयं प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने अपने जनपद में मास्टर ट्रेनर की भूमिका का निर्वहन करेंगे। डॉ0दिनेश कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अंग्रेजी विषय की शिक्षक शिक्षिकाएं नई शिक्षा नीति में निहित प्रावधानों के अनुरूप भी अपने प्रभावी शिक्षण के कला कौशल में दक्ष होंगे। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए प्रत्येक चक्र में 48 शिक्षक शिक्षिकाओं को चयनित किया गया है, और उसी प्रकार जनपदवार लिस्ट जारी की गई है। जारी लिस्ट के अतिरिक्त किसी भी शिक्षक शिक्षिका को प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। लखनऊ मण्डल के 6 जनपदों (लखनऊ ,उन्नाव,रायबरेली, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई ) से चयनित अंग्रेजी शिक्षक शिक्षिकाओं को समय से प्रशिक्षण में कार्यमुक्त करने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षकों को उपरोक्त प्रशिक्षण शेड्यूल से अवगत कराया जा चुका है।डॉ. दिनेश कुमार मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी लखनऊ मण्डल ने बताया कि ऐसे प्रशिक्षण से शासकीय माध्यमिक विद्यालयों में अंग्रेजी विषय के शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया प्रभावी होने के साथ साथ छात्र छात्राओं में अंग्रेजी विषय मे पकड़ को भी मजबूती प्रदान करेगी।डॉ. दिनेश कुमार मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी लखनऊ मण्डल ने बताया कि प्रत्येक कार्य दिवस में प्रशिक्षण का समय प्रातः 8 बजकर 30 मिनट से शाम 6 बजे तक होगा और प्रत्येक चक्र में 48 अंग्रेजी शिक्षक शिक्षिकाएं होंगी जिनको तीन तीन दिवस के प्रशिक्षण दिए जाएंगे।

## रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा महिला चिकित्सालय में कोरोना के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए वितरित किए गए मास्क एवं साबुन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : राष्ट्र में कोरोना के बढ़ते मामलों के मद्देनजर आज हरदोई में भी सर्तकता बरतने के संदेश के साथ इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी ने सभापति डॉ रमेश अग्रवाल की अध्यक्षता में मरीजों व तीमारदारों को बड़ी संख्या में मास्क एवं साबुन वितरित किए। इस अवसर पर डॉ रमेश अग्रवाल ने बताया कि रेडक्रॉस ने कोरोना त्रासदी के दौरान बढ़ चढ़कर राहत कार्यों के लिए कार्य किया था। कहा, इस बार कोरोना के प्रसार को पहले से ही नियंत्रित करने के लिए सोसाइटी ने मास्क व साबुन का वितरण करके संदेश दिया है कि इनका अधिक से अधिक प्रयोग आमजनमानस को राहत प्रदान करने में सहायक होगा। सचिव सुनील सिंह सोमवंशी ने बताया कि सभी लोग कोविड कंट्रोल के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन करें। इस दौरान



पी.आर.ओ. रवि शंकर शुक्ला, मातृत्व एवं बाल कल्याण समिति अध्यक्ष परिषा तिवारी, आपदा अध्यक्ष महेश चंद्र, अतुल द्विवेदी, नवल किशोर, कोविड 19 समिति अध्यक्ष अमित सिंह, सदस्यता अभियान समिति अध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव, मिथुन, मीडिया अध्यक्ष कुलदीप दिवेदी, रक्तदान समिति अध्यक्ष पीयूष बाजपेई आदि उपस्थित रहे।

## ओवरलोड ट्रक के ऑडियो का मामला : मंत्री और अन्य पर लोकायुक्त परिवाद

वाराणसी ब्यूरो : अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर और डॉ नूतन ठाकुर ने लोकायुक्त के समक्ष परिवाद प्रस्तुत किया है। परिवहन विभाग की एक कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग तथा ओवरलोड ट्रकों से भारी वसूली की शिकायत तथा इस प्रक्रिया में दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करने के स्थान पर उन्हें बचाने के आरोपों के संबंध में लोकायुक्त के समक्ष परिवाद प्रस्तुत किया है। अपने परिवाद में उन्होंने कहा कि उन्हें 4.07 मिनट की बातचीत की एक रिकॉर्डिंग मिली, जो उप परिवहन आयुक्त वाराणसी अशोक कुमार सिंह, एआरटीओ चंदौली एसपी देव और चंदौली में तैनात परिवहन विभाग के एक सिपाही विपिन कुमार की बताई गयी थी। इस बातचीत में बिहार बॉर्डर पर अवैध वसूली को तेजी से बढाए जाने की योजना पर चर्चा की जा रही है। बातचीत में कहा गया है कि यह योजना तभी सफल होगी जब कम से कम छह सात सौ ट्रक गुजरेंगे, मात्र दो तीन सौ ट्रक से काम नहीं होगा



और बदनामी अलग से हो जाएगी। बातचीत में प्रति ट्रक 3000 रुपये की रेट वसूली रेट होने की बात भी कही गई। परिवाद में बिहार बॉर्डर से फरवरी 2023 में गुजरे लगभग 5000 ट्रकों ओवरलोड ट्रकों की सूची भी दी गयी है, जो परिवहन विभाग की सहायता से बिहार की ओर गुजारी गयी बताई गयी हैं। परिवाद में विभागीय मंत्री दयाशंकर सिंह को मामले की जानकारी होने के बाद भी कार्यवाही नहीं करने के आरोपों की जाँच की भी मांग की गयी है।

**पाठक बन्धुओं से अनुरोध**

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट www.Desh ki upasana.com का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - dku live सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## डीएम व एसपी द्वारा नामांकन स्थल केराकत का किया गया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आगामी नगर निकाय चुनाव नामांकन प्रक्रिया की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ बनाये रखने हेतु जिलाधिकारी अनुज कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा द्वारा जनपद



के केराकत तहसील परिसर में चल रहे नामांकन स्थल का निरीक्षण किया तथा सम्बन्धित अधिकारीगण को आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए हर हाल में राज्य चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों के अनुपालन सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक पर सवार एक की मौत दूसरा गंभीर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सुजानगंज थाना क्षेत्र के देवापुर गांव के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत हो गई एक की हालत गंभीर है। इसी थाना क्षेत्र के हिम्मतनगर गांव निवासी शिरीष चंद्र गौतम 50 वर्ष पुत्र लल्लन गौतम सोमवार और उसके साथ धर्मेंद्र गौतम 25 वर्ष पुत्र सुभाष चंद्र गौतम बाइक से सामान खरीदने के लिए सुजानगंज बाजार में आए हुए थे। सामान खरीद पर दोनों घर वापस जा रहे थे और बाइक को धर्मेंद्र गौतम चला रहा था। जब वह दोनों सुनसान स्थान से गुजर रहे थे उसी समय किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को सुजानगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सक ने धर्मेंद्र को मृत घोषित कर दिया। और घायल श्री चंद गौतम को गंभीर चोट लगने के कारण बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## जिले में तीन वारंटी गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिले में कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाये रखने एवं अपराध/अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु डा0 अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक द्वारा वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान चलाया गया। जिसके अन्तर्गत कुल 03 वारंटी व 01



वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिसका थानावार विवरण निम्न है।

1.थाना मड़ियाहूँ पुलिस टीम द्वारा पाक्सों एक्ट के वांछित अभियुक्त गिरफ्तार मु0अ0सं0 75/23 धारा 363,366 भादवि 16/17 पाक्सो एक्ट थाना मड़ियाहूँ जौनपुर से संबंधित वांछित अभियुक्त प्रभाकर पुत्र त्रिभुवन यादव निवासी करौर थाना मीरगंज जनपद जौनपुर को रौली बरसठी मोड के पास से आज सुबह समय 9.35 बजे गिरफ्तार कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

2.थाना मड़ियाहूँ पुलिस टीम द्वारा एक वारंटी अभियुक्त राजकुमार यादव पुत्र राजदेव यादव निवासी उन्चनीकला थाना मडियाहूँ जनपद जौनपुर संबंधित मु0नं0 मु0नं0 365/2022 धारा 138M ACT के विरुद्ध मा0 न्यायालय विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट जौनपुर द्वारा जारी वारण्ट के अनुपालन में उपरोक्त वारण्टी को गिरफ्तार कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

3.थाना खुटहन पुलिस टीम द्वारा दो वारंटी अभियुक्त 1– गुड्डू उर्फ गोविन्द राज पुत्र झिगईराम ग्राम गढ़ागोपालापुर थाना खुटहन जौनपुर 2–विरेन्द्र कुमार पुत्र मेहीलाल ग्राम तिलवारी थाना खुटहन जौनपुर को गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय भेजा गया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

**–सुविचार–**

**अगर चाहते हो कि खुदा मिले, तो वही करो जिससे दुआ मिले।**

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

# सम्पादकीय

## अतीक हत्याकांडः यह पत्रकारों के प्रति समाज और तंत्र के विश्वास का भी एनकाउंटर

इस घटना में बड़ा निहित संदेश यह है कि पत्रकारिता अब और ज्यादा जोखिम भरी हो गई है क्योंकि तीनो हमलावर युवक टीवी पत्रकारों के भेस में वहां पहुंचे थे और किसी को उनके 'फर्जी' होने का शक नहीं हुआ और न ही कोई उनके असली इरादे भांप सका।

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 15 अप्रैल की आधी रात से कुछ पहले एक अस्पताल परिसर में जिस तरह तीन युवकों ने दो माफिया को बेखौफ गोली मारकर खत्म कर दिया, उससे राज्य की पुलिस के इकबाल पर तो सवालिया निशान लगा ही है, लेकिन इस घटना में बड़ा निहित संदेश यह है कि पत्रकारिता अब और ज्यादा जोखिम भरी हो गई है। क्योंकि तीनों हमलावर युवक टीवी पत्रकारों के भेस में वहां पहुंचे थे और किसी को उनके 'फर्जी' होने का शक नहीं हुआ और न ही कोई उनके असली इरादे भांप सका।

यहां उस घटनाक्रम को 'लाइव' कवर कर रहे टीवी पत्रकारों और कैमरामैनों की तारीफ की जानी चाहिए कि उस हत्याकांड का लाइव कवरेज करते हुए न तो उनके हाथ कांपे और न ही कैमरामैनों की आंख लक्ष्य से डिगी। यह अपनी ड्यूटी जान की बाजी लगाकर पूरा करने का भी नायाब नमूना है।

युद्ध, उपद्रव और प्राकृतिक आपदा के मामलों में ऐसा कभी–कभी होता है, लेकिन प्रयागराज की घटना के कवरेज में निहत्थे पत्रकारों ने गजब का नैतिक साहस दिखाया।

यूं तो आज पत्रकारिता में भी कई काली भेड़े आ गई हैं। वहां भी फर्जी पत्रकार आ गए हैं, समाचार की जगह एजेंडा पत्रकारिता ने ले ली है, कई पत्रकार ब्लैकमेलिंग के धंधे में भी हैं तो कुछ पत्रकारिता के आवरण में दलाली का कारोबार भी बखूबी कर रहे हैं। कुछ सोशल मीडिया और टीवी चौनलों के जरिए फेक न्यूज के रॉकेट भी छोड़ते रहते हैं, बावजूद इन सबके सच्ची, साहसिक और अनुकरणीय पत्रकारिता करने वाले खत्म नहीं हुए हैं। पत्रकारिता की आत्मा को तिलांजलि नहीं मिली है। जो डटे हैं, सो डटे हैं।

प्रयागराज के काल्विन अस्पताल में मेडिकल के लिए ले जाने के पहले उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी और माफिया डॉन अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ अहमद की मीडिया से चर्चा के दौरान ही जिस दुस्साहस के साथ गोलियां मारी गईं, उसके पीछे के मास्टर माइंड और गेम प्लान के खुलासे अभी होने हैं। जो हुआ, वो कोई साधारण 'मर्डर' का मामला नहीं है।

उन आपराधिक प्रवृत्ति के तीन युवाओं का दिमाग इतना तेज शायद ही हो कि वो पत्रकारिता को भी हत्या करने का कामयाब जरिया मान लें। कामयाब इसलिए क्योंकि अपराध की दृष्टि से तीनों युवकों का प्लान पूरी तरह सटीक और सफल रहा। दुस्साहस देखिए कि जो काम कोई पुलिस वाले की मौजूदगी में शायद डर डर करे, वो काम उन युवकों ने डेढ़ दर्जन हथियारबंद पुलिस वालों के होते हुए कर डाला।

इन सबके पीछे कोई बड़ी ताकत है। जीते जी दर्जनों लोगों को ठिकाने लगाने वाले दोनो माफिया, उनसे ज्यादा शातिर युवा गैंग्सटरों के आगे बेबस दिखे और चालू कैमरों के आगे ही ढेर हो गए।

हत्याकांड– उठ रहे हैं कई सवाल

भारी पुलिस की मौजूदगी में यह हत्याएं कई सवाल खड़े करती हैं। पहला तो यह तीनो युवक फर्जी टीवी पत्रकार बनकर पत्रकारों के बीच कैसे घुस गए? दूसरा, जब तीनों ने तीन दिशाओं से अतीक और अशरफ पर गोलियां दागना शुरू की तो वहां मौजूद किसी भी पुलिस वाले ने उनमें से एक को भी मार गिराने की कोशिश क्यों नहीं की? क्या पुलिस को ऐसा कुछ हो सकने का पहले से अंदाजा था या बिल्कुल भी अंदेशा नहीं था?

अगर तीनो युवक तीन दिन से अतीक और अशरफ को मारने का प्लान बना रहे तो पुलिस का खुफिया तंत्र क्या कर रहा था? इसके जवाब में एक तर्क यह दिया जा रहा है कि इस देश में पहले भी सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी में बड़ी राजनीतिक हत्याएं हुई हैं। यह आंशिक रूप से सही है। लेकिन जिनकी हत्याएं हुई, वो न्यायिक हिरासत में नहीं थे। उन हत्याओं में तो उनके सुरक्षाकर्मियों ने ही विश्वासघात किया था।

यहां ज्युडिशियल कस्टडी का मतलब यह था कि पुलिस पर दोनो को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी थी। इस हिसाब से इस घटनाक्रम में कोर्ट में जवाब देना पुलिस के लिए मुश्किल हो सकता है। यहां बात माफियाओं से सहानुभूति की नहीं, पेशेवर दायित्व की है।

पुलिस के रिएक्शन पर भी प्रश्नचिन्ह

पुलिस ने तत्काल रिएक्ट क्यों नहीं किया, इस संदर्भ में दलील यह आई है कि चूंकि गोली सामने से भी चली थी, ऐसे में अगर पुलिस जवाबी कार्रवाई करती तो गोली सामने मौजूद पत्रकारों को भी लग सकती थी। दुर्भाग्य से ऐसा होता तो पुलिस के लिए और भी मुश्किल हो जाती। उस पर माफिया के साथ साथ पत्रकारों के एनकाउंटर का आरोप भी लगाया जाता।

लेकिन अभी यह सवाल काल्पनिक है। पत्रकार जान को जोखिम में डालकर अपना काम करते हैं, लोगों तक सूचनाएं पहुंचाते हैं। आत्मरक्षा के लिए उनके पास नैतिक साहस और पेशेवर जुनून के अलावा कुछ नहीं होता। प्रयागराज की घटना कवर करने वाले पत्रकार भी घटना कवर कर चुकने के बाद रातभर सो नहीं पाए होंगे। क्योंकि पटाखों की तरह पिस्तौल से चलती गोलियां और सामने टपकती लाशों का ऐसा भयंकर और दिल दहला देने वाला लाइव कवरेज तो युद्ध में भी कभी कभार देखने को मिलता है। लेकिन लगता है कि यह पेशेवर निष्ठा और पत्रकारों की रही सही साख भी अब जोखिम के दायरे में है। इसलिए, क्योंकि अब पत्रकारों को एक दूसरे पर पूरा भरोसा करने के पहले सोचना होगा कि जो बगल में चौनल का माइक अथवा कैमरा लेकर खड़ा है, वह सचमुच पत्रकार है भी या नहीं? यह आत्म संशय की अनचाही और अवांछित स्थिति है।

मीडिया पर कैसे होगा भरोसा?

दूसरी तरफ पुलिस व सुरक्षाकर्मी भी पत्रकारों की टीम पर पूरी तरह भरोसा शायद ही करें। यूं तो कई पत्रकारो के गले में आईकार्ड डले होते हैं, लेकिन किसी के मन में क्या चल रहा है, इसका कोई आइडेंटिटी कार्ड नहीं होता। यानी दूसरे तो ठीक खुद पत्रकार ही दूसरे पत्रकार पर कितना भरोसा करें, उसे कितना अपनी बिरादरी का माने, माने या नहीं, अब यह सवाल पैदा हो गया है। साथ ही पत्रकार और सुरक्षाकर्मी कितने ही तेज क्यों न हों, 'माइंड रीडर' यकीनन नहीं होते। अतीक और अशरफ को मारने वाले तीनो युवकों ने पत्रकारों के प्रति समाज और तंत्र के विश्वास को भी गोली मार दी है, यह अपने आप में बहुत बड़ा नुकसान है। क्योंकि पत्रकार 'हत्यारे' भी हो सकते हैं, इसे तो कोई नहीं मानता था। यही माना जाता रहा है कि वो ज्यादा से ज्यादा खबरों की गोलियां दाग सकते हैं। कुछेक पत्रकारों पर व्यक्तियों की 'चरित्र हत्या' के आरोप जरूर लगे हैं, लेकिन पत्रकार बनकर वास्तव में 'मानव हत्या' की दुष्ट कोशिश अभी तक शायद ही किसी ने की हो।बहुतों का मानना है कि तीनो युवकों ने दुर्दांत माफिया को खत्म कर एक तरह से समाज पर एहसान ही किया है, उसका क्या रंज मनाना। हो सकता है, यह सोच सही भी हो। लेकिन गोली किस नीयत और भाव से चलाई गई है, यह भी उतना ही मायने रखती है। वो तीनो युवक हत्यारों की तरह प्रकट होकर हत्या कर के चले जाते तो इसे कानून व्यवस्था का प्रश्न और सरकार की मंशा का सवाल ही माना जाता, लेकिन उन्होंने पत्रकार बनकर यह कृत्य किया, यह समूची पत्रकारिता को आहत करने वाली बात है। फिलहाल मानकर चलें कि पत्रकारिता और समाज के रिश्तों यह हत्याकांड दरार नहीं बनेगा।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## अयोध्या 84 कोसी परिक्रमा में पधारे संतों का दर्शन तथा विशाल भण्डारा –डॉक्टर स्वामी भगवदाचार्य जी महाराज

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय गोण्डा। डॉक्टर स्वामी भगवदाचार्य जी महाराज ने बताया कि सनातन धर्म परिषद एवं श्री तुलसी जन्मभूमि न्यास के तत्वावधान में गोस्वामी तुलसीदास की जन्मस्थली राजापुर सूकरखेत गोण्डा में कई वर्षों से विश्व तुलसी सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में पहला सम्मेलन तुलसी जन्मभूमि राजापुर सूकरखेत, गोण्डा, दूसरा उत्तरी भारत कालेज भाण्डुप मुंबई, तीसरा योग शक्तिपीठ कुतुबमीनार महरौली नई दिल्ली तथा चौथा सम्मेलन महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी में हुआ था। यह पांचवा सम्मेलन श्रीरामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास की जन्मभूमि राजापुर सूकरखेत, गोण्डा में सम्पन्न होने जा रहा है। इसमें देश विदेश के प्रोफेसर, कुलपति तथा विदेशी विद्वान भी पधार रहे हैं। सम्मेलन के अन्तर्गत तुलसी साहित्य–वैश्विक परिदृश्य, वसुधैव कुटुम्बकम् की अवधारणा और तुलसी साहित्य, विदेशी विद्वानों की दृष्टि में गोस्वामी तुलसीदास भारतीय संस्कृति के संरक्षक गोस्वामी तुलसीदास और रामकथा के वैश्विक संदर्भ आदि विषयों पर व्याख्यान होंगे। कार्यक्रम में पधारे देश और विदेश से प्राख्यात विद्वान तुलसीदास वैश्विक परिवेश पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। सम्मेलन में अन्य बातों के अलावा इस विषय पर भी चर्चा होगी कि तुलसी ने भारतीय संस्कृति के प्रचार–प्रसार में क्या योगदान दिया है। जैसा कि आप सब जानते हैं कि गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस की रचना करके सनातन धर्म के मूल्यों की रक्षा की है। रामचरितमानस की लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। यह भारतीय संस्कृति का मानक ग्रन्थ है। गोस्वामी तुलसीदास का जन्म अयोध्या के पास गोण्डा जिले के राजापुर सूकरखेत, गोण्डा में श्रावण शुक्ल सप्तमी को हुआ था। गोस्वामी जी का ननिहाल दधिवल कुण्ड दहौरा मिलीरावासू हुलसीधाम बहराइच में था गोस्वामी जी का जन्म गोण्डा जिले के परसपुर विकास खण्ड में नरहरिदास आश्रम पसका सूकरखेत के पास राजापुर में हुआ था। गोस्वामी जी ने रामचरित मानस में संकेत किया है कि–

मैं पुनि निज गुरू सन सुनी कथा सो सूकरखेत ।
समुझी नहिं तसि बालपन तब अति रहेउँ अचेत ।।

नरहरिदास आश्रम के पास ही बाराह भगवान का स्थान है। यहां की भाषा अवधी है। यह स्थान अवध के अन्तर्गत है। इसलिए निःसंदेह तय है कि गोस्वामी तुलसीदासका जन्म राजापुर सूकरखेत



में हुआ था। पास में सरयू घाघरा का संगम स्थान है। बचपन में अनाथ गोस्वामी तुलसीदास को उनके गुरु ने शरण दिया था वहीं उनका पालन पोषण हुआ था। उनके गुरू नरहरिदास जी के देखरेख में पालन–पोषण हुआ। उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास को वाराणसी भेजकर शिक्षा दीक्षा की व्यवस्था की। गोस्वामी तुलसीदास बाल ब्रह्मचारी एवं अविवाहित थे। उन्होंने ब्याह न बरेखी का संकेत किया। आशा है कि पंचम विश्व तुलसी सम्मेलन से अच्छा संदेश जाएगा। गोस्वामी जी के बारे में जो कुछ थोड़ी भ्रान्तियां हैं वह दूर हो जायेंगी। गोस्वामी तुलसीदास के जन्मस्थान राजापुर में विद्यमान मंदिर का सौन्द्रयीकरण किया जा रहा हैं यहां पर एक विशाल सभागार का निर्माण कराया जा रहा है। यहां रामचरितमानस का अखण्ड पाठ हो रहा है। हम लोग इस बात के लिए प्रयास कर रहे हैं कि गोस्वामी जी के नाम पर एक विश्वविद्यालय हो उसके लिए राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार को लिखा गया है। राज्य सरकार ने विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए तुलसी जन्मभूमि के पास परसपुर विकास खण्ड में 58 एकड भूमि अधिग्रहण कर लिया है। उम्मीद है कि इस विश्वविद्यालय का नाम गोस्वामी तुलसीदास के नाम पर रखा जायेगा। पंचम विश्व तुलसी सम्मेलन में औपचारिक प्रस्ताव पारित किया जायेगा और सरकार को भेजा जायेगा। इस आयोजन में जो भी विद्वान आ रहे है उन्हें गोस्वामी तुलसी के गुरू नरहरिदास के आश्रम पसका सूकरखेत ले जाकर दर्शन कराया जायेगा। वहां पर रामचरित मानस की प्राचीन पाण्डुलिपि विद्यमान हैं। हमें यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि गोस्वामी तुलसीदास के पिता आत्माराम दूबे के नाम 45 बीघा जमीन में तुलसीवन लगाया गया है। इसका अवलोकन करेंगे। पास में पूर्वोत्तर योग के प्रणेता महर्षि पतंजलि की जन्म भूमि पतंजलिपुरी कोडर गोण्डा का भी अवलोकन कराया जायेगा। यह आयोजन पंचम विश्व सम्मेलन 19 अप्रैल को 11:30 बजे उद्घाटन तथा 20 अप्रैल सायं 4:00 बजे से अखिल भारतीय सम्मेलन एवं 21 को 11:00 समापन तथा 21 सायं 6:00 बजे से विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया है। देश विदेश के साधु संतो एवं भक्तजनों का अयोध्या 84 कोसी परिक्रमा में पधारे संतों का दर्शन तथा विशाल भण्डारा किया जायेगा।

## स्कूल बस में फंसकर घिसटता रहा मासूम का शव : सड़क पर बिखरे चीथड़े : मचा कोहराम

आगरा ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के आगरा में मंगलवार की सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां एक तेज रफ्तार स्कूल बस ने मासूम को रौंद दिया। हादसे में मासूम का शव बस में फंसकर काफी दूर तक घिसटता गया। इससे उसके चीथड़े सड़क पर बिखर गए। घटना के बाद मौके पर चीख–पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को समेटा और घटना की जानकारी ली। हादसा बाह थाना क्षेत्र के बटेश्वर में हुआ। यहां मंगलवार की सुबह करीब 8:0 बजे बीएस शिक्षा निकेतन, बटेश्वर की बस बच्चों को लेने निकली थी। बच्चों को लेकर वह वापस स्कूल के लिए लौट रही थी। इसी समय जज्ञ क्षेत्र निवासी एक महिला अपने दो वर्षीय बच्चे रुस्तम की तबीयत खराब होने पर दवा दिलाने जा रही थी। दोनों पैदल चल रहे थे। इसी समय पीछे से आई तेज रफ्तार बस ने बच्चे को टक्कर मार। टक्कर लगने के बाद मासूम सड़के के बीच की तरफ गिर गया। वह टायर के नीचे आ गया। बस में फंसकर कुछ दूरी तक घिसटता भी चला गया। इससे उसके चीथड़े सड़क पर बिखर गए। मां व आसपास के लोग चिल्लाए तब चालक ने ध्यान दिया। उसने तत्काल गाड़ी खड़ी की



और बीहड़ के रास्ते जंगल की तरफ भाग निकला। बच्चे के चीथड़े देख मां चीख पड़ी। तब तक आसपास के लोग भागकर मौके पर पहुंच गए। चालक की लापरवाही और घटना से आक्रोशित लोगों ने बस में तोड़फोड़ की। देखते ही देखते मौके पर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। लोगों में स्कूल प्रशासन और चालके के प्रति जबरजस्त आक्रोश है। इसी बीच कुछ लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझाकर शांत किया। पुलिस ने शव को समेटा और उसे कपड़े में बांधा। पुलिस ने मौजूद लोगों से घटना की जानकारी ली। इंस्पेक्टर संजीव शर्मा ने बताया कि तहरीर के आध ाार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

## कायस्थ समाज हेतु कायस्थ कल्याण बोर्ड के गठन के लिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : कायस्थ वैल्फेयर फाऊंडेशन के उपाध्यक्ष राकेश कुलश्रेष्ठ ने बताया कि कायस्थ वैलफेयर फाउंडेशन के प्रतिनिधि मंडल ने माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को राजस्थान प्रदेश की विभिन्न जिलों जयपुर, अजमेर, जोध ापुर, उदयपुर, राजसमंद, भीलवाड़ा, धौलपुर, बीकानेर, बांसवाडा, चित्तौड़गढ़, कोटा, सीकर, अलवर, भरतपुर, जैसलमेर, नागौर, लाडनू आदि की 48 एक्टिव संस्थाओं के पत्रों के साथ कायस्थ समाज के उत्थान एवं विकास के लिए कायस्थ कल्याण बोर्ड के गठन हेतु मुलाकात कर माननीय मुख्यमंत्री को समाज की वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तृत से बताते हुए एक ज्ञापन पत्र दिया गया और कायस्थ कल्याण बोर्ड के गठन के लिए निवेदन किया जिस को मुख्यमंत्री जी ने सहर्ष स्वीकार करते हुए कार्यवाही करने का आश्वासन दिया । फाउंडेशन के कार्यकारी अध्यक्ष एम. बी. माथुर ने मुख्यमंत्री को कायस्थ कल्याण बोर्ड की आवश्यकता के बारे में बताया कि कायस्थ समाज एक ऐसा समाज है जो सवर्ण होने के कारण आर्थिक, शिक्षा, सामाजिक, सांस्कृतिक और व्यवसाय आदि क्षेत्रों में सरकार की बनाई हुई नीतियों का लाभ नहीं ले पा रहा है एवं वर्तमान व्यवस्था के कारण लगातार सभी क्षेत्रों में निरंतर पिछड़ता जा रहा है। इसलिए कायस्थ कल्याण बोर्ड के गठन के लिए मुख्यमंत्री को निवेदन किया गया। फाउंडेशन के महासचिव अरविंद कुमार सक्सेना ने बताया कि ज्ञापन देने के लिए कायस्थ वैलफेयर फाउंडेशन प्रतिनिधि मंडल में एम. बी. माथुर, राकेश कुलश्रेष्ठ, अरविंद कुमार, जितेंद्र नाग, सूर्यकांत कुलश्रेष्ठ, प्रवीण सक्सेना, देवेंद्र सक्सेना मधुकर, नंद बिहारी, नितेन्द्र माथुर, छैल बिहारी माथुर, भगवान बिहारी माथुर, आदित्य राय, अजय श्रीवास्तव, आनंद कुमार, प्रदीप कुमार, दिनेश माथुर, आर. पी. माथुर, प्रदीप माथुर, मेहुल माथुर पत्रकार, संजीव माथुर, वीरेश दत्त, आदि के साथ साथ कायस्थ समाज के कई गणमान्य प्रबुद्धजन भी उपस्थित रहे।


### कार्यालय–ग्राम पंचायत नेवढ़िया, विकास खण्ड–सिकरारा, जौनपुर

पत्रांक– मेमो / ग्रा0पं0पा0 / दिनांक 18.04.2023

अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023–24 में पंचम राज्य वित्त / पन्द्रहवां वित्त आयोग / मनरेगा बी. आर.जी.एफ. स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यों के लिए निम्निलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 19.04.2023 से 25.04.2023 तक कार्यालय कार्य दिवस में प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते है जो दिनांक 26.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष पूर्वाह्न 10:00 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म पैड पर होगी।

| क्र0सं0 | परियोजना का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईंट 150 एम0एम0 प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू | प्रति घन मी0 | |
| 4 | महीन बालू | प्रति घन मी0 | |
| 5 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 से 53 एम.एम. | प्रति घन मी0 | |
| 6 | ईट गिट्टी | 20–40 एम.एम. | |
| 7 | सरिया 2 एमएम, 3 एमएम, 4 एमएम | प्रति कुन्तल | |
| 8 | ह्यूम पाइप 250 एम.एम. | प्रति हजार | |
| 9 | ह्यूम पाइप 300, 600, 900 एमएम | प्रति नग | |
| 10 | सोलर लाइट व स्ट्रीट लाइट | प्रति घन मी0 | |
| 11 | समर्सिबल पम्प 1 एचपी | प्रति सेट | |
| 12 | सिलिंग फैन / कैबल तार | | |
| 13 | कन्ट्रक्शन ज्वाइण्ट | | |
| 14 | पार्क बेंच / सी0सी0 बेंच | | |
| 15 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 16 | टाइल्स शौचालय सेट | प्रति नग | |
| 17 | हैण्डपम्प सामग्री व रिबोर आदि | प्रति नग | |
| 18 | इण्टर लांकिग | प्रति नग | |
| 19 | हेल्थ एण्ड सैनिटेशन | | |
| 20 | पंचायत भवन निर्माण सामग्री, फर्नीचर, कम्प्यूटर आदि क्रय | | |
| 21 | खेल के मैदान पर सामग्री, ओपेन जिम पर सामग्री | | |
| 22 | पेटिंग एवं चित्रकारी, स्टेश्नरी, अन्य व्यय | | |

प्रतिबन्ध एवं शर्तें– सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नहीं। आपूर्तिकर्ता का वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्लू.डी. के दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रू0 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति / निर्माण समिति में चिहि्नत होगा।

प्रधान — राजपति यादव
ग्राम सचिव — राजकुमार पाण्डेय


## शाइस्ता परवीन की वायरल चिट्ठी में सनसनीखेज खुलासा

प्रयागराज ब्यूरो : माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन के नाम से एक चिट्ठी सोशल मीडिया में वायरल हो रही है। चिट्ठी में सनसनीखेज खुलासा किया गया है। आरोप है कि प्रदेश सरकार के काबीना मंत्री पर ओर से की गई साजिश के तहत उमेश पाल की हत्या कराई गई। महापौर का पद अपने कब्जे में रखने के मकसद से कबीना मंत्री की ओर से साजिश रची गई है। प्रयागराज पुलिस भी मंत्री के दबाव में काम कर रही है। इसके साथ ही आरोप लगाया है कि प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा और एसटीएफ के एडीजी अमिताभ यश विरोधियों से मेरे पति की और देवर की हत्या की सुपारी लिए बैठे हैं।


### कार्यालय–ग्राम पंचायत सुंगुलपुर, विकास खण्ड–सिकरारा, जौनपुर

पत्रांक– मेमो / ग्रा0पं0पा0 / दिनांक 18.04.2023

अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023–24 में पंचम राज्य वित्त / पन्द्रहवां वित्त आयोग / मनरेगा बी. आर.जी.एफ. स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यों के लिए निम्निलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 20.04.2023 से 26.04.2023 तक कार्यालय कार्य दिवस में प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते है जो दिनांक 27.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष पूर्वाह्न 10:00 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म पैड पर होगी।

| क्र0सं0 | परियोजना का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईंट 150 एम0एम0 प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू | प्रति घन मी0 | |
| 4 | महीन बालू | प्रति घन मी0 | |
| 5 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 से 53 एम.एम. | प्रति घन मी0 | |
| 6 | ईट गिट्टी | 20–40 एम.एम. | |
| 7 | सरिया 2 एमएम, 3 एमएम, 4 एमएम | प्रति कुन्तल | |
| 8 | ह्यूम पाइप 250 एम.एम. | प्रति हजार | |
| 9 | ह्यूम पाइप 300, 600, 900 एमएम | प्रति नग | |
| 10 | सोलर लाइट व स्ट्रीट लाइट | प्रति घन मी0 | |
| 11 | समर्सिबल पम्प 1 एचपी | प्रति सेट | |
| 12 | सिलिंग फैन / कैबल तार | | |
| 13 | कन्ट्रक्शन ज्वाइण्ट | | |
| 14 | पार्क बेंच / सी0सी0 बेंच | | |
| 15 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 16 | टाइल्स शौचालय सेट | प्रति नग | |
| 17 | हैण्डपम्प सामग्री व रिबोर आदि | प्रति नग | |
| 18 | इण्टर लांकिग | प्रति नग | |
| 19 | हेल्थ एण्ड सैनिटेशन | | |
| 20 | पंचायत भवन निर्माण सामग्री, फर्नीचर, कम्प्यूटर आदि क्रय | | |
| 21 | खेल के मैदान पर सामग्री, ओपेन जिम पर सामग्री | | |
| 22 | पेटिंग एवं चित्रकारी, स्टेश्नरी, अन्य व्यय | | |

प्रतिबन्ध एवं शर्तें– सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नहीं। आपूर्तिकर्ता का वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्लू.डी. के दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रू0 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति / निर्माण समिति में चिहि्नत होगा।

प्रधान — दयाराम
ग्राम सचिव — प्रदीप शंकर श्रीवास्तव

# बेटे के बाद मां ने पिया तेजाब : अस्पताल में दोनों की मौत : मामूली बात पर हुआ था विवाद

आगरा ब्यूरो : फर्रुखाबाद जिले में मां–बेटे के बीच सोमवार शाम हुए विवाद के बाद गुस्साए किशोर ने तेजाब पी लिया। बेटे की हालत बिगड़ते देख घबराई मां ने भी तेजाब पी लिया। दोनों की हालत गंभीर होने पर परिजन फतेहगढ़ स्थित निजी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों द्वारा मां–बेटे को मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव दरौरा निवासी अवनीश कुमार खेती करते हैं। सोमवार शाम करीब 6 बजे अवनीश कुमार की पत्नी मालती देवी (30) ने किसी बात को लेकर पुत्र प्रेम (15) को डांट दिया। इसको लेकर प्रेम का मां मालती देवी से विवाद हो गया। मां के पीटने पर गुस्साए प्रेम ने घर में रखा तेजाब पी लिया। पुत्र की हालत बिगड़ती देख घबराई मालती देवी ने भी तेजाब पी लिया। मां व भाई को फर्श पर तड़पता पड़ा देख पलक ने इसकी सूचना पिता को दी। परिजन आनन–फानन निजी वाहन से दोनों को फतेहगढ़ स्थित एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां चिकित्सक ने मां–बेटे को मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। रात में ही घटना की सूचना यूपी 112 पुलिस



को दी गई। पुलिस ने पति अवनीश कुमार से पूछताछ की। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में भिजवा दिया। रात में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार, सीओ अमृतपुर रविन्द्र नाथ राय व प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने घटनास्थल पहुंचकर निरीक्षण किया। पुलिस ने मालती देवी के बच्चों व पड़ोसियों से भी घटना के संबंध में पूछताछ की। प्रेम नंदपुर स्थित इंटर कॉलेज में कक्षा 8 में पढ़ता था। बाबा रामसिंह ने बताया कि प्रेम चार भाई–बहनों में सबसे बड़ा था। एएसपी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि यूपी 112 पर सूचना मिली थी कि विवाद के बाद मां–बेटे ने तेजाब पी लिया है। जिससे उनकी मौत हुई है। मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# सपा–रालोद गठबंधन में रार : कई सीटों पर दोनों ने उतारे उम्मीदवार : कोई भी पीछे हटने को राजी नहीं

लखनऊ ब्यूरो : नगर निकाय चुनाव की रणभूमि में उतरते उतरते सपा रालोद गठबंधन में घमासान शुरू हो गया। विभिन्न सीटों पर सपा और रालोद दोनों ने ही अपने उम्मीदवार मैदान में उतार दिए हैं। हैरत की बात यह है इस समय कोई भी पीछे हटने को तैयार नहीं है। उधर, रालोद ने मेरठ नगर निगम में महापौर पद पर अपना प्रत्याशी उतारने का एलान कर दिया है जबकि यहां भी सपा ने अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है। विधानसभा चुनाव 2022 में सपा रालोद का गठबंधन हुआ था। सपा प्रमुख अखिलेश यादव और रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने खास तौर पर पश्चिमी उप्र में जमकर प्रचार किया। एलान किया गया कि यह गठबंधन नगर निकाय चुनाव में भी चलेगा। यहां तक कि चुनाव से पहले रालोद प्रदेश अध्यक्ष रामशीष राय ने बड़ौत में घोषणा कर दी थी कि रालोद निकाय चुनाव अपने दम पर चुनाव लड़ेगा तो इसे लेकर रालोद और सपा दोनों में ही हंगामा मच गया था। रालोद ने तो दिल्ली से इस बाबत सफाई दी और कहा कि प्रत्याशी रालोद और सपा की साझा कमेटी चुनेगी और गठबंधन मिलकर चुनाव लड़ेगा। अब चुनाव आया तो दोनों के बीच रार खुलकर सामने आ गई है। कई सीटों पर सपा और रालोद ने अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। छह–छह सीटों पर आमने–सामने बिजनौर नगर पालिका अध्यक्ष के लिए स्वाति वीरा को सपा ने उम्मीदवार घोषित किया है। सपा से नाराज हुई रुखसाना परवीन को यहां से रालोद ने अपना उम्मीदवार घोषित करते हुए पर्चा दाखिल कर दिया। बिजनौर जिले में ही बिजनौर नगर पालिका परिषद समेत अध्यक्ष पद के लिए छह सीटों हल्दौर, नहटौर, नूरपुर, धामपुर, चांदपुर पर यही स्थिति खड़ी हो गई है। रालोद का गढ़ माना जाता है बड़ौत इन सभी पर सपा और रालोद दोनों के प्रत्याशी चुनावी रण में उतर गए हैं। उधर बागपत जिले की नगर पालिका बड़ौत सीट पर बतौर अध्यक्ष प्रत्यशी सपा ने रणधीर प्रधान को उम्मीदवार घोषित कर दिया। यहां दूसरे चरण में चुनाव है और बड़ौत रालोद का गढ़ माना जाता है। इस सीट पर रालोद अपने उम्मीदवार



उतारने की तैयारी ही कर रहा था कि सपा ने दांव खेल दिया। इसी जिले की नगर पालिका खेकड़ा में भी यही हुआ है। यहां के अध्यक्ष पद के लिए रालोद से रजनी धामा को उम्मीदवार घोषित कर दिया है जबकि सपा ने संगीता धामा को उम्मीदवार घोषित दिया। शामली की कांधला नगर पालिका के लिए दोनों ने उतारे उम्मीदवार अब यहां भी रार शुरू हो गई है। सहारनपुर की नगर पंचायत अंबेहटा पीर पर अध्यक्ष पद के लिए पहले रालोद प्रत्याशी रेशमा ने पर्चा भरा तो अंतिम दिन सपा ने इशरत जहां ने भी नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। इसके अलावा विभिन्न जिलों में पार्षद एवं सदस्य सीटों पर बंटवारे को लेकर कई जिलों में हंगामा हुआ है। शामली की कांध ाला नगर पालिका पर सपा ने नजमुल हसन को तथा रालोद से मिर्जा फैसल बेग को उतार दिया है। पश्चिमी उप्र में सबसे ज्यादा हंगामा दरअसल यह हंगामा पश्चिमी उप्र के जिलों में हो रहा है। रालोद का वजूद पश्चिमी उप्र में ज्यादा है। यही कारण है कि रालोद उम्मीदवार पश्चिमी उप्र की निकायों में अपने उम्मीदवार घोषित करने की बात कह रहे हैं। रालोद का मानना है कि यहां सपा को अपने उम्मीदवार घोषित नहीं करने चाहिए थे। हालांकि यही सपाई भी कह रहे हैं कि जहां रालोद का जोर है वहीं तो सपा भी लड़ेगी ताकि दोनों को लाभ हो सके। अहम यह है कि यदि यही स्थिति रही तो गठबंधन में आगे दरार आ सकती है। इसी गठबंध ान के सहारे रालोद को विधानसभा चुनाव 2022 में पश्चिमी उप्र में आठ सीटें मिलीं थी जो बाद में उपचुनाव होने से नौ में बदल गई थीं। मेरठ में द्वंद्व मेरठ में सपा ने अपने विधायक अतुल प्रधान की पत्नी सीमा प्रधान को महापौर पद का प्रत्याशी घोषित कर दिया है पर रालोद ने भी अब यहां से अपना उम्मीदवार उतारने का एलान कर दिया है। रालोद के प्रदेश मीडिया संयोजक सुनील रोहटा के मुताबिक बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि मेरठ में भी रालोद उम्मीदवार उतारेगा। यहां की 42 सीटों पर पार्षद के उम्मीदवार भी उतारे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि कई सीटों सपा ने अपने उम्मीदवार गलत ढंग से उतारे हैं। उधर सपा इस पर बोलने को तैयार नहीं है।

# पहले चरण के नामांकन पूरा : 7678 सीटों के लिए 51842 ने भरे पर्चे : 37 जिलों में होना है मतदान

लखनऊ ब्यूरो : नगर निकाय चुनाव में पहले चरण के नामांकन पत्र दाखिल करने का काम सोमवार को समाप्त हो गया। इस चरण में 37 जिलों के 390 निकायों में होने जा रहे चुनाव में 7,678 सीटों के लिए 51,842 (वाराणसी और गोरखपुर को छोड़कर) उम्मीदवारों ने पर्चे दाखिल किए। राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार ने बताया कि पहले चरण के नामांकन पत्र भरने का 17 अप्रैल को अंतिम दिन था। इस दिन बड़ी संख्या में पर्चे भरे गए। 10 नगर निगमों में महापौर पद के लिए आखिरी दिन 93 उम्मीदवारों ने पर्चे दाखिल किए, जबकि पार्षद पद पर 4,092 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरे। नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए 1039 और सदस्य पद के लिए 8,470 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरे। इसी तरह से नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए 2,358 और सदस्य के लिए 10,312 पर्चे दाखिल किए गए। सबसे ज्यादा उम्मीदवार प्रयागराज से 22 प्रत्याशी महापौर पद के लिए मैदान में उतरे हैं। वाराणसी और गोरखपुर की सूचना देर रात तक संकलित हो रही थी। इस चरण में 2.40 करोड़ मतदाता प्रथम चरण के 37 जिलों में कुल 2.40 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके लिए कुल 7,362 मतदान केंद्रों पर 23,617 मतदान स्थल बनाए गए हैं। पहले चरण में इन जिलों में चुनाव लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर, गोंडा, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, उन्नाव, हरदोई, लखीमपुर खीरी, शामली, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, बिजनौर,अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज, कुशीनगर, आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, मैनपुरी, झांसी, जालौन, ललितपुर, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, गाजीपुर, वाराणसी, चंदौली और जौनपुर। दूसरे चरण के नामांकन शुरू, 22 पर्चे भरे दूसरे चरण के नौ मंडलों के 38 जिलों में चुनाव के लिए सोमवार से नामांकन पत्र भरने शुरू हो गए। पहले दिन 22 नामांकन दाखिल किए गए। राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार ने बताया कि कानपुर नगर निगम के पार्षद पद के लिए दो, नगर पालिका परिषद कानपुर देहात के अध्यक्ष व सदस्य के पद के लिए एक–एक, सदस्य नगर पालिका परिषद बुलंदशहर के पद के लिए तीन और हमीरपुर, अमेठी, सुल्तानपुर, बस्ती व बलिया के सदस्य पद के लिए एक–एक नामांकन प्राप्त हुआ है। इसके अतिरिक्त नगर पंचायत अलीगढ़ व अयोध्या के अध्यक्ष पद के लिए एक–एक नामांकन मिला है। सदस्य नगर पंचायत अलीगढ़ के पद के लिए 04, हमीरपुर, बाराबंकी, अंबेडकरनगर, बलिया व भदोही के सदस्य के पदों के लिए एक–एक नामांकन मिले हैं।

# लखनऊ के शालीमार गेट वे में खुला 6 स्क्रीन वाला मूवी मैक्स

मृत्युंजय प्रताप सिंह की रिपोर्ट लखनऊ : देश में सबसे तेजी से बढ़ती सिनेमा चेन में से एक मूवीमैक्स ने अपनी देशव्यापी उपस्थिति में 50 से अधि ाक स्क्रीन जोड़ ली हैं। लखनऊ में एक 6 स्क्रीन मल्टीप्लेक्स की आरंभ हो गया है जिसके लॉन्च की घोषणा हाल ही में अभिनेता अजय देवगन की उपस्थित में हुई थी। मूवीमैक्स ने लखनऊ, बीकानेर, हैदराबाद और नोएडा में पिछले 5 महीनों में कई स्क्रीन लॉन्च की हैं। आने वाले दिनों में कंपनी की तरफ से 100 से ज्यादा स्क्रीन लॉन्च करने का लक्ष्य रखा है। देश के इन इलाकों में तमाम जगहों पर पहले से ही 61 स्क्रीन चालू हैं। मूवीमैक्स में



शुरुआती दौर में कभी एक कर्मचारी हुआ करता था और आज उनकी संख्या 500 से अधिक स्टाफ की हो चुकी है। इस सिनेमा श्रृंखला ने बहुत कम समय में सफलतापूर्वक अपनी शानदार वृद्धि दर्ज की है। यही नहीं मूवीमैक्स किफायती मूल्य पर विभिन्न प्रकार के खाद्य और पेय पदार्थों के विकल्पों के लिए जाना जाता है। साथ ही यहां की पूरी प्रॉपर्टी काफी सजी–संवरी और सुसज्जित भी लगती है। मूवीमैक्स सिनेमाज के सीईओ आशीष कनकिया का कहना है, "हमारा उद्देश्य स्थिर गति से आगे बढ़ते रहना है। अपने दर्शकों को फिल्म देखने का संपूर्ण अनुभव प्रदान करने के दृष्टिकोण के साथ, हम उन्हें बड़े पर्दे पर फिल्मों के जादू का भी अनुभव करना चाहते हैं। साथ ही दर्शकों को दोस्तों और परिवार के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने के लिए एक शानदार स्थान देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।" मूवीमैक्स की सभी स्क्रीन्स नवीनतम तकनीक से लैस हैं। ये स्क्रीन फिल्मों का सर्वश्रेष्ठ अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार की गई हैं। मूवीमैक्स कनकिया ग्रुप का हिस्सा है। इसे पिछले साल आईमैक्स बिग सिनेमा अवार्ड्स में 2022–2023 'इमर्जिंग सिनेमा चेन ऑफ द ईयर' भी चुना गया था। कंपनी की तरफ से लगभग हर महीने और नई स्क्रीन जोड़ी जा रही है। पिछले साल के मध्य में अपना परिचालन शुरू करने के बाद से ये कंपनी, सिनेमा श्रृंखला के बाजार में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए अपनी स्थिति को मजबूत करने पर भी पूरा ध्यान केंद्रित कर रही है।

## पीडब्ल्यूडी में 8914 करोड़ रुपये का भारी–भरकम बजट सरेंडर : शासन की चेतावनी रही बेअसर

लखनऊ ब्यूरो : पीडब्ल्यूडी को 8914 करोड़ रुपये का भारी–भरकम बजट सरेंडर करना पड़ा है। यह अब तक किसी एक वित्त वर्ष में सरेंडर हुई सबसे अधिक राशि है। इस मामले में बार–बार जारी की गई शासन की चेतावनी भी बेअसर रही। अब शासन जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। पीडब्ल्यूडी के लिए वित्त वर्ष 2022–23 के मूल बजट में 24590 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया। इसमें अधिष्ठान की राशि शामिल नहीं है। 18627 करोड़ रुपये सड़कों के लिए, 3049 करोड़ रुपये सेतुओं के लिए और 277 करोड़ रुपये भवन मद में व्यवस्था की गई। स्पेशल कंपोनेंट प्लान के तहत विभिन्न कामों के लिए 2134 करोड़ रुपये दिए गए। दिसंबर–2022



तक बजट खर्च करने की रफ्तार बेहद धीमी रही, जबकि बड़ी संख्या में सड़कों की हालत खस्ता बनी हुई थी। इसके बावजूद अनुपूरक बजट में और अधिक राशि की मांग की गई। दिसंबर में आए अनुपूरक बजट में विभाग को 2550 करोड़ रुपये और दिए गए। पुनर्विनियोग की राशि को भी जोड़ दें तो वित्त वर्ष 2022–23 में पीडब्ल्यूडी को कुल 27140 करोड़ रुपये का बजट दिया गया। विभागीय रिकॉर्ड के मुताबिक, इसमें से 8914 करोड़ रुपये 31 मार्च तक उपयोग में न आने के कारण सरेंडर करने पड़े। जोकि, कुल आवंटित बजट का करीब 33 प्रतिशत है। वर्ष 2021–22 में सरेंडर हुए थे 6982 करोड़ वित्त वर्ष 2021–22 में पीडब्ल्यूडी को 23562 करोड़ रुपये का बजट आवंटित हुआ था, जिसमें से 6982.36 करोड़ रुपये का बजट सरेंडर करना पड़ा। यह कुल आवंटित बजट का 29.63 प्रतिशत था। इस स्थिति को देखते हुए शासन ने निर्देश दिए कि वित्त वर्ष 2022–23 में समय से स्वीकृतियां जारी हों और ऐसा न होने पर संबंधित अधिशासी अभियंताओं और मुख्य अभियंताओं के खिलाफ कार्रवाई होगी। इसके बावजूद सरेंडर राशि की मात्रा घटने के बाद बढ़ गई। बजट सरेंडर होने की रिपोर्ट मिल चुकी है। जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली, 1999 के नियम 10(2) के तहत कार्यवाही की जाएगी। –अजय चौहान, प्रमुख सचिव, पीडब्ल्यूडी क्या हो सकती है कार्रवाई नियम 10(2) के तहत दोषी मिलने पर कार्मिकों को परिनिंदित करने और इंक्रीमेंट रोकने तक की सजा दी जा सकती है। क्या रहे कारण वर्ष 2022–23 में पीडब्ल्यूडी की कामकाज पटरी से उतरा रहा। इसकी शुरुआत जून–जुलाई में तबादलों में घपलों को लेकर शुरू हुई। मंत्री जितिन प्रसाद के ओएसडी अरुण कुमार पांडेय को कार्यमुक्त कर केंद्र को वापस कर दिया गया। विभागाध्यक्ष मनोज गुप्ता समेत कई अधिकारियों को सस्पेंड करना किया गया। इस दौरान नई स्वीकृतियां जारी होने का काम ठप सा रहा। कार्ययोजना भी समय से अनुमोदित नहीं हो सकी। मंत्री जितिन प्रसाद और उनके तत्कालीन प्रमुख सचिव नरेंद्र भूषण के बीच पटरी न बैठ पाने की चर्चा भी आम रही। माना जा रहा है कि इसके चलते स्वीकृतियां जारी होने का काम अपेक्षित रफ्तार नहीं पकड़ सका। हालांकि वित्त वर्ष के अंत में 27 फरवरी को नरेंद्र भूषण का विभाग बदला दिया गया। लेकिन, तब तक स्थिति यहां पहुंच चुकी थी कि आवंटित बजट के एक बड़े हिस्से का इस्तेमाल नहीं हो सका। लैप्स राशि अलग, हो सकती है 1000 करोड़ इतना ही नहीं सरेंडर किए गए बजट में वह राशि शामिल नहीं है, जो समय से उपभोग न हो पाने के कारण लैप्स हो गई। इसमें सेतु निगम का 507 करोड़ रुपये भी शामिल है, जोकि पीडब्ल्यूडी के स्तर से प्रक्रिया पूरी न हो पाने के कारण निगम के खाते में नहीं जा पाया। विभागीय सूत्रों के मुताबिक, लैप्स बजट की मात्रा और भी ज्यादा है, लेकिन अभी तक सभी खंडों से इसके आंकड़े इकट्ठा नहीं हो पाए हैं। एक मोटे अनुमान के मुताबिक, यह आंकड़ा 1000 करोड़ रुपये तक हो सकता है।


## कार्यालय–ग्राम पंचायत लखौआ, विकास खण्ड–सिकरारा, जौनपुर

पत्रांक– मेमो/ग्रा0पं0पा0/ दिनांक 18.04.2023

### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023–24 में पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त आयोग/मनरेगा बी.आर.जी.एफ. स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यों के लिए निम्निलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 20.04.2023 से 26.04.2023 तक कार्यालय कार्य दिवस में प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते है जो दिनांक 27.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपराह्न 01:00 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म पैड पर होगी।

| क्र0सं0 | परियोजना का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईंट 150 एम0एम0 प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू | प्रति घन मी0 | |
| 4 | महीन बालू | प्रति घन मी0 | |
| 5 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 से 53 एम.एम. | प्रति घन मी0 | |
| 6 | ईट गिट्टी | 20–40 एम.एम. | |
| 7 | सरिया 2 एमएम, 3 एमएम, 4 एमएम | प्रति कुन्तल | |
| 8 | ह्यूम पाइप 250 एम.एम. | प्रति हजार | |
| 9 | ह्यूम पाइप 300, 600, 900 एमएम | प्रति नग | |
| 10 | सोलर लाइट व स्ट्रीट लाइट | प्रति घन मी0 | |
| 11 | समर्सिबल पम्प 1 एचपी | प्रति सेट | |
| 12 | सिलिंग फैन/कैबल तार | | |
| 13 | कन्ट्रक्शन ज्वाइण्ट | | |
| 14 | पार्क बेंच/सी0सी0 बेंच | | |
| 15 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 16 | टाइल्स शौचालय सेट | प्रति नग | |
| 17 | हैण्डपम्प सामग्री व रिबोर आदि | प्रति नग | |
| 18 | इण्टर लांकिग | प्रति नग | |
| 19 | हेल्थ एण्ड सैनिटेशन | | |
| 20 | पंचायत भवन निर्माण सामग्री, फर्नीचर, कम्प्यूटर आदि क्रय | | |
| 21 | खेल के मैदान पर सामग्री, ओपेन जिम पर सामग्री | | |
| 22 | पेटिंग एवं चित्रकारी, स्टेश्नरी, अन्य व्यय | | |

प्रतिबन्ध एवं शर्तें– सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नहीं। आपूर्तिकर्ता का वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्लू.डी. के दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रू0 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में चिह्नित होगा।

प्रधान ग्राम सचिव
राजेश यादव प्रदीप शंकर श्रीवास्तव


# धूमधाम से मनाया जाएगा साईं बाबा का स्थापना दिवस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी हुसैनाबाद तिलकधारी महाविद्यालय के बगल स्थित साईं बाबा मंदिर का 27वा वार्षिकोत्सव दिनांक 24 अप्रैल दिन सोमवार को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा ।उक्त आशय की जानकारी देते हुए मंदिर के प्रबंधक संजय सिंह ने बताया कि पूर्व की भांति बाबा की पालकी शाम 7:00 बजे गाजे–बाजे घोड़े हाथी के साथ मंदिर प्रांगण से निकलकर गायत्री माता मंदिर तक जाएगा तदुपरांत वहां आरती के पश्चात वापस मंदिर परिसर में बाबा की पालकी आएगी। तदुपरांत भंडारे का आयोजन किया गया है। समस्त भक्तों से निवेदन है कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर बाबा के भंडारे में भाग ले प्रसाद ग्रहण करे। उक्त आशय की जानकारी मंदिर के मीडिया प्रभारी दीपक श्रीवास्तव द्वारा दी गई है।


## कार्यालय–ग्राम पंचायत रंजीतपुर, विकास खण्ड–सिकरारा, जौनपुर

पत्रांक– मेमो/ग्रा0पं0पा0/ दिनांक 18.04.2023

### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023–24 में पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त आयोग/मनरेगा बी.आर.जी.एफ. स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यों के लिए निम्निलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 22.04.2023 से 28.04.2023 तक कार्यालय कार्य दिवस में प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते है जो दिनांक 29.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपराह्न 01:00 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म पैड पर होगी।

| क्र0सं0 | परियोजना का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईंट 150 एम0एम0 प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू | प्रति घन मी0 | |
| 4 | महीन बालू | प्रति घन मी0 | |
| 5 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 से 53 एम.एम. | प्रति घन मी0 | |
| 6 | ईट गिट्टी | 20–40 एम.एम. | |
| 7 | सरिया 2 एमएम, 3 एमएम, 4 एमएम | प्रति कुन्तल | |
| 8 | ह्यूम पाइप 250 एम.एम. | प्रति हजार | |
| 9 | ह्यूम पाइप 300, 600, 900 एमएम | प्रति नग | |
| 10 | सोलर लाइट व स्ट्रीट लाइट | प्रति घन मी0 | |
| 11 | समर्सिबल पम्प 1 एचपी | प्रति सेट | |
| 12 | सिलिंग फैन/कैबल तार | | |
| 13 | कन्ट्रक्शन ज्वाइण्ट | | |
| 14 | पार्क बेंच/सी0सी0 बेंच | | |
| 15 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 16 | टाइल्स शौचालय सेट | प्रति नग | |
| 17 | हैण्डपम्प सामग्री व रिबोर आदि | प्रति नग | |
| 18 | इण्टर लांकिग | प्रति नग | |
| 19 | हेल्थ एण्ड सैनिटेशन | | |
| 20 | पंचायत भवन निर्माण सामग्री, फर्नीचर, कम्प्यूटर आदि क्रय | | |
| 21 | खेल के मैदान पर सामग्री, ओपेन जिम पर सामग्री | | |
| 22 | पेटिंग एवं चित्रकारी, स्टेश्नरी, अन्य व्यय | | |

प्रतिबन्ध एवं शर्तें– सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नहीं। आपूर्तिकर्ता का वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्लू.डी. के दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रू0 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में चिह्नित होगा।

प्रधान ग्राम सचिव
सावित्री देवी प्रदीप शंकर श्रीवास्तव

## आकाश को मिला अखंड भारत सेवा सम्मान : राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन द्वारा दिया गया पांच हजार मरीजों को खून

अयोध्या डीकेयू लाइव ब्यूरो सुरेंद्र कुमार। जिले के ब्लड मैन कहे जाने वाले आकाश गुप्त को मां जानकी की जन्मभूमि बिहार के मधुबनी जिले में अंखंड भारत सेवा सम्मान से अंग वस्त्र, पाग (पगड़ी) व प्रमाणपत्र से अलंकृत कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान इन्हें सम्राट अशोक जी के जयंती के पर सम्राट अशोक रक्तसेवा समिति झंझारपुर)के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मान समारोह में रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उक्त सम्मान समारोह में पूरे देश से 151उन समाज सेवियों को भी सम्मानित किया गया जो रक्तदान पर निरंतर कार्य कर रहे हैं। बताते चले की आकाश गुप्त दुर्लभ ग्रुप बी निगेटिव के रक्तदाता है और अभी तक 44 बार रक्तदान कर चुके है और राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन के द्वारा १००से ज्यादा रक्तदान शिविर का आयोजन कर करीब साढ़े चार हजार जरूरतमंदों को ब्लड भी मुहैया करा चुके है और देश में रक्त क्रांति लाने के लिए समय समय पर रक्तदान जागरूकता गोष्ठी, रैली, सेमिनार,कवि गोष्ठी, स्लोगन,




चित्रकला व रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन करते रहते है। आकाश गुप्त ने बताया कि समाज सेवा की प्रेरणा उन्हें उनके स्व पिता स्व कृष्ण लाल गुप्ता से विरासत में मिला हुआ है जिनकी हत्या १२ अप्रेल १९९१ में पंजाब में आतंक वादियों द्वारा कर दिया गया था। उन्होंने यह सम्मान उन सभी रक्तदाताओं को समर्पित किया जो रक्तदान की मुहिम का हिस्सा हैं।

## जिम्मेदारो की आँखो पर पट्टी : नहीं दिखाई देते अवारा पशु

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) मुख्य विकास अधिकारी का आदेश रुदौली खण्ड विकास अधिकारी के मातहत नहीं मानते हुए दिखाई दे रहे हैं।एक तरफ किसानों की गाढ़ी कमाई को रौदते अवारा पशु और दूसरी ओर प्रकृति का असमय बरसात का कहर किसानों पर किसी बज्रपात से कम नहीं है। फिर भी जिम्मेदारो की आँखो पर पट्टी चढ़ी हैं उन्हें इस इलाके में अवारा पशु दिखाई नहीं देते हैं। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश के बाबजूद ग्राम पंचायतो में पशु आश्रय स्थलों के निर्माण में हीला हवाली का क्रम जारी हैं।ज्ञात हो कि पिछले तहसील दिवस में उपस्थित विधायक और मुख्य विकास अधिकारी के सामने ग्राम पंचायत जखौली में गौशाला का निर्माण कराने और ग्राम सिठौली में अर्ध निर्मित गौशाला का निर्माण कार्य पूर्ण कराकर सिठौली नाला,सिठौली खेल मैदान और जखौली चौराहा से लेकर धमौरा चौराहा तक सैकड़ो कि संख्या में घूम रहे अवारा पशुओ से किसानों को निजात दिलाने की मांग पूर्व अध्यक्ष रुदौली प्रधान संघ राम प्रेस यादव ने की थी जिसपर मुख्य विकास अधिकारी ने जखौली ग्राम पंचायत में गौशाला बनाने हेतु तत्काल कार्य प्रारम्भ करने और सिठौली के अपूर्ण गौशाला को पूर्ण कराने का आदेश दिया था परन्तु अभी तक जिम्मेदारो ने चुप्पी साध रखी हैं। पूर्व प्रधान राम प्रेस यादव ने बताया कि अगले आने वाले सप्ताह में उच्च अधिकारियो से मिलकर इसकी शिकायत की जायेगी।

### अवध विवि में मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के समाजकार्य विभाग में मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। परिसर के क्यू क्लब में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं सिफ्सा के सहयोग से विभाग के चतुर्थ सेमेस्टर के चौदहवें एवं आखिरी बैच के 50 छात्र–छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन से प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय, अयोध्या के मनोचिकित्सक डॉ0 मुकेश कुमार पाठक ने तनाव प्रबंधन की प्रविधियों एवं उपायों पर चर्चा करते हुए कहा कि व्यक्ति को रोजाना दो घंटे से ज्यादा मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। इसके अधिक इस्तेमाल से व्यक्ति के शरीर, मन और मस्तिष्क पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि तनावमुक्त रहने के लिए व्यक्ति को मोबाइल व इंटरनेट का उपयोग कम से कम करना चाहिए। तनावमुक्त रहने के लिए साथियों, माता–पिता, शिक्षकों से बातचीत का सिलसिला बनाये रखना चाहिए। कार्यक्रम में समाज कार्य विभाग के समन्वयक एवं सिफ्सा के नोडल अधिकारी डॉ0 दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य के संवर्धन के लिए मानसिक, शारीरिक और सामाजिक स्वास्थ्य महत्वपूर्ण होता है। इन नियमों के अपनाने से एक बेहतर स्वास्थ्य प्राप्त किया जा सकता है। कार्यशाला में छात्रों के प्रश्नों का समाधान किया गया। इसके अतिरिक्त मेंटल हेल्थ पर फिल्म भी दिखाई गई। प्रशिक्षण के उपरांत सभी छात्र–छात्राओं को प्रमाण–पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विभाग के डॉ0 प्रभात सिंह द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन पल्लव पांडे द्वारा किया गया। इस अवसर पर सीमा तिवारी, स्वतंत्र त्रिपाठी, अंकुर वर्मा, आदित्य सिंह, अभिषेक वर्मा, राजेश कुमार, स्नेहा मिश्रा, प्रिया गुप्ता, अंशिका शुक्ला, तनु पांडे, रंजीत यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।


### कार्यालय–ग्राम पंचायत इन्दरिया, विकास खण्ड–सिकरारा, जौनपुर

पत्रांक– मेमो / ग्रा0पं0पा0 /  दिनांक 18.04.2023

#### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023–24 में पंचम राज्य वित्त / पन्द्रहवां वित्त आयोग / मनरेगा बी.आर.जी.एफ. स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यों के लिए निम्मिलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 23.04.2023 से 29.04.2023 तक कार्यालय कार्य दिवस में प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते है जो दिनांक 30.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष पूर्वाह्न 10:00 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म पैड पर होगी।

| क्र0सं0 | परियोजना का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईंट 150 एम0एम0 प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू | प्रति घन मी0 | |
| 4 | महीन बालू | प्रति घन मी0 | |
| 5 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 से 53 एम.एम. | प्रति घन मी0 | |
| 6 | ईट गिट्टी | 20–40 एम.एम. | |
| 7 | सरिया 2 एमएम, 3 एमएम, 4 एमएम | प्रति कुन्तल | |
| 8 | ह्यूम पाइप 250 एम.एम. | प्रति हजार | |
| 9 | ह्यूम पाइप 300, 600, 900 एमएम | प्रति नग | |
| 10 | सोलर लाइट व स्ट्रीट लाइट | प्रति घन मी0 | |
| 11 | समर्सिबल पम्प 1 एचपी | प्रति सेट | |
| 12 | सिलिंग फैन / कैबल तार | | |
| 13 | कन्ट्रक्शन ज्वाइण्ट | | |
| 14 | पार्क बेंच / सी0सी0 बेंच | | |
| 15 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 16 | टाइल्स शौचालय सेट | प्रति नग | |
| 17 | हैण्डपम्प सामग्री व रिबोर आदि | प्रति नग | |
| 18 | इण्टर लांकिग | प्रति नग | |
| 19 | हेल्थ एण्ड सैनिटेशन | | |
| 20 | पंचायत भवन निर्माण सामग्री, फर्नीचर, कम्प्यूटर आदि क्रय | | |
| 21 | खेल के मैदान पर सामग्री, ओपेन जिम पर सामग्री | | |
| 22 | पेटिंग एवं चित्रकारी, स्टेश्नरी, अन्य व्यय | | |

प्रतिबन्ध एवं शर्तें– सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नहीं। आपूर्तिकर्ता का वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्लू.डी. के दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रू0 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति / निर्माण समिति में चिह्नित होगा।

प्रधान
अरुण कुमार

ग्राम सचिव
प्रदीप शंकर श्रीवास्तव


## सीएफओ व एफएसओ ने छात्रों व शिक्षकों को आग से बचाव हेतु दिये गए कई टिप्स

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अग्निशमन सेवा सप्ताह अभियान के तहत जिले के लोगों को अग्निशमन विभाग कर्मियों द्वारा आग से बचने हेतु जागरूक किया जा रहा है।शनिवार को मुख्य अग्निशमन अधिकारी एमपी सिंह ने जेबी अकादमी तथा प्रभारी अग्निशमन द्वितीय अधिकारी प्रदीप कुमार पाण्डेय ने अग्निशमन विभाग के कर्मियों के साथ बाल विद्या मंदिर पहाड़गंज जाकर वहां पर मौजूद छात्र छात्राओं के साथ साथ शिक्षकों को आग से बचाव हेतु विधिवत जानकारी दिया।अग्निशमन सेवा सप्ताह अभियान के तहत शनिवार को मुख्य अग्निशमन अधिकारी एमपी सिंह ने जेबी एकेडमी परिसर में जाकर वहां के छात्र–छात्राओं सहित मौजूद शिक्षकों को आग से बचने के लिए अग्निशमन यंत्रों के माध्यम से आग से बचने की उपाय बताया।इससे पहले उन्होंने वहां पर आयोजित कार्यशाला में छात्र–छात्राओं व शिक्षकों को आग से कैसे बचाया जाए इस पर भी विधिवत जानकारी दिया।मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने अग्निशमन कर्मियों की सहायता से वहां पर मौजूद सभी छात्राओं छात्र छात्रों व शिक्षकों को पंपलेट के माध्यम से भी जानकारी प्रदान किया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी एमपी सिंह के अलावा अग्निशमन




कर्मियों में प्रदीप पाण्डेय, सुनील तिवारी, सुनील कुमार, सौरभ यादव मौजूद रहे।अग्निशमन द्वितीय अधिकारी प्रदीप कुमार पांडे के नेतृत्व में चालक राम प्रसाद पांडे अमन शुक्ला के द्वारा 14 अप्रैल से 20 अप्रैल अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत जनता को आग से बचाव के संबंध में जन जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को बाल विद्या मंदिर शिवनगर अयोध्या के छात्रों द्वारा अग्निशमन संबंधी चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।चित्रकला प्रतियोगिता में नौ विजेताओं को अग्निशमन द्वितीय अधिकारी प्रदीप पाण्डेय ने पुरस्कृत किया गया।

## राम की पैड़ी पर गूंजी है प्रीत जहाँ की रीत सदा की धुन : 30वीं वाहिनी पीएसी : गोण्डा के दल ने दी प्रस्तुति

अयोध्या।(डॉ अजय तिवारी जिला संवाददाता) रामनगरी में सरयू के किनारे स्थित राम की पैड़ी पर है प्रीत जहाँ की रीत सदा की धुन गुजी तो लोगों की निगाह केंद्रित हो गई। धीरे–धीरे संगीत के रसास्वादन के लिए मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। पता चला कि 30वीं वाहिनी पीएसी, गोण्डा के हॉफ ब्रास बैण्ड के जवान अपने सेनानायक त्रिभुवन सिंह के निर्देश पर कार्यक्रम की प्रस्तुति के लिए यहां राम की पैड़ी पहुंचे हैं। पीएसी के बैण्ड प्रभारी निरंजन पुरी के नेत्तृव में साजो–सामान के साथ पहुंचे पीएसी हॉफ ब्रास बैण्ड के जवानों ने बावर्दी होकर धुन छेड़नी शुरू की तो माहौल संगीतमय हो गया। पीएसी के हॉफ ब्रास बैण्ड की ओर से ''सारे जहाँ से अच्छा,'' ''है प्रीत जहाँ की रीत सदा'' व ''श्री राम जानकी बैठे हैं'' आदि देशभक्ति व श्री राम भक्ति की मधुर धुनें बजाई गयीं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान की धुन के साथ किया गया।ब्रास बैण्ड टीम के प्रभारी निरंजन पुरी ने बताया कि आम जनमानस में पुलिस के प्रति सम्मान व देश के प्रति राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करने के लिए सेनानायक के निर्देश पर शनिवार की शाम राम की पैड़ी पर प्रस्तुत किया गया। सरयू किनारे राम की पैड़ी पर तमाम लोग मधुर धुनों को सुनकर आनंदित हुए और तालियां बजाकर टीम का उत्साहवर्धन किया।

## हाई अलर्ट संदिग्ध स्थलों पर पुलिस बल कर रही फ्लैग मार्च

अयोध्या।(डॉ अजय तिवारी जिला संवाददाता) पुलिस क्षेत्राधिकारी रुदौली सत्येंद्र भूषण तिवारी द्वारा प्रदेश में जारी हाई अलर्ट के दृष्टिगत जनपद में कानुन एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से कस्बा व क्षेत्रान्तर्गत पुलिस व प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा भारी पुलिस बल के साथ पैदल गश्त एवं फ्लैग मार्च किया गया। इसके अतिरिक्त जनपद में चाक–चौबन्द सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था तथा बालिका एवं महिला सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद के पुलिस अधीक्षक सहित समस्त क्षेत्राधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षक और थानाध्यक्ष मवई ओमप्रकाश तिवारी सहित चौकी प्रभारी मय पुलिस बल के साथ सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए फ्लैग मार्च और पैदल गश्त किया जा रहा है। पैदल गश्त के दौरान प्रमुख मार्गो, चौराहों, बाजारों व भीड़–भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई। पैदल गस्त के दौरान आम जन को आश्वस्त कराया जा रहा है कि पटरंगा थाना अध्यक्ष ओम प्रकाश पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है। क्षेत्र में में लगातार "ड्रोन कैमरे'' से निगरानी की जा रही है।

## दो सगे भाईयों की नहर में डूबकर मौत

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।। जनपद के पूराकलंदर थाना क्षेत्र के भगवाभीट गांव में रविवार शाम दो सगे भाइयों की नहर में नहाते समय डूब कर मौत हो जाने से पूरे गांव में मातम छा गया है। सोमवार को मृतकों के परिवार में मां और बहनों की सिसकियों ने हर एक की आंखों में आंसू ला दिए। भगवाभीट गांव निवासी अजय और मनीष काल के गाल में समा जाने के बाद पूरे गांव में कोहराम मचा है। मृतक के पिता शिव कुमार की करीब डेढ़ साल पहले लंबी बीमारी के चलते मौत हो चुकी है। माता उर्मिला देवी मेहनत मजदूरी करके व लोगों के घरों में काम और बर्तन साफ करके बच्चों का पालन पोषण करती आ रही है। पांच बहनों में दो बड़ी बहनों का विवाह हो चुका है। पड़ोसी रवि प्रकाश गौड़ ने बताया कि एक बड़ी बहन आरती उम्र करीब 21 वर्ष का विवाह होना था जिसके लिए दोनों भाइयों ने बातचीत करके तय कर लिया था। नवंबर माह में विवाह के लिए तिथि तय करनी थी, लेकिन किसे पता था कि शादी की तिथि के निर्धारण के पहले ही दोनों भाई काल के गाल में समा जाएंगे।छोटी बहन उमा 12 वर्ष, आंचल 10 वर्ष का रो रो कर बुरा हाल है, तीनों बहन आज भी भाई के इंतजार में अभी आस लगाए बैठीं हैं। घर पर हर आने जाने वाले लोगों से अपने दोनों भाइयों के आने की बात पूछती हैं। मृतक अजय पेंटर का काम करता था और उसी से अपने परिवार का भरण पोषण करता था। अजय व मनीष के मौत के बाद तीनों बहनें और मां बेसहारा हो गई। कैसे होगा इनका भरण पोषण यह प्रश्न उठ रहा है। पीड़ित परिवार ने बताया कि अभी तक सरकारी स्तर पर कोई भी सहायता के लिए नहीं पहुंचा है। गांव वालों द्वारा ही मदद की जा रही है।

## 62190 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 2761 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एनईपी परास्नातक व स्नातक की वार्षिक परीक्षा में 16 परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए पकड़े गये। सोमवार को विश्वविद्यालय की दोनों पालियों की परीक्षा में 62 हजार 190 परीक्षार्थियों के सापेक्ष दो हजार 761 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शुचितापूर्ण एवं पारदर्शीपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर सचलदल द्वारा छह जनपदों के कुल 36 केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। जिनमें प्रथम पाली की परीक्षा में सचल दल ने 14 परीक्षार्थियों को नकल करते हुए पकड़ा। वहीं द्वितीय पाली में 02 परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए धरे गए। जिसमें सचलदल द्वारा कल्पना शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय, अयोध्या में सात, राजकीय महाविद्यालय मुसाफिरखाना अमेठी में एक, नवीन चन्द्र तिवारी स्मारक महाविद्यालय, गोण्डा में छह, चन्द्रशेखर आजाद महाविद्यालय नन्सा अयोध्या में एक, इंदिरा गांधी पीजी कालेज गौरीगंज अमेठी में एक छात्र अनुचित साधन का प्रयोग करते पाए गए। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ के हवाले से मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए परीक्षा केन्द्रों पर सख्ती की जा रही है। सचलदल द्वारा छह जनपदों के 36 केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। पारदर्शीपूर्ण परीक्षा कराने के लिए केन्द्रों को निर्देश देते हुए विश्वविद्यालय के कंट्रोल रूम से भी निगरानी की जा रही है।

## आकांक्षा दुबे मामले में समर सिंह को जेल भेजा गया : पांच दिन की पूछताछ में खुले कई राज

वाराणसी ब्यूरो : भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी गायक समर सिंह को पुलिस ने जिला जेल में दाखिल कराया। समर सिंह बीते 13 अप्रैल से कस्टडी रिमांड पर था। पुलिस ने पूछताछ में कई राज उगलवाए। सारनाथ स्थित एक होटल में आकांक्षा दुबे की मौत के बाद 27 मार्च को आजमगढ़ निवासी भोजपुरी गायक समर सिंह और उसके दोस्त संजय सिंह पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में सारनाथ थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद समर सिंह को पुलिस बहुत दिनों तक खोजती रही। सात अप्रैल को गाजियाबाद से उसकी गिरफ्तारी हुई। इसके बाद 13 अप्रैल से समर सिंह कस्टडी रिमांड पर था। अब उसे सोमवार को जेल में दाखिल करा दिया गया है।

## वांछित आरोपियों को भेजे जेल – पुलिस कप्तान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) आगामी पर्वों व नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर पुलिस कप्तान मुनिराज जी ने जिले के सभी सर्किल पुलिस सीओ व थाना प्रभारियों के साथ सोमवार को पुलिस लाइन परिसर में बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए।बैठक में



उन्होंने सभी सीओ व थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि आप सभी अपने अपने क्षेत्रों में विभिन्न मामलों में निरुद्ध वांछित अपराधियों को शीघ्र से शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजें।इसके अलावा सभी सीओ अपने अपने अधीनस्थ थाना प्रभारियों के साथ क्षेत्र में पिछले 6 माह के अंदर जेल से जमानत पर रिहा हुए अपराधियों पर विशेष निगाह रखें।इसके अलावा पुलिस कप्तान मुनिराज जी ने सभी सीओ व थाना प्रभारी निरीक्षक को निर्देश देते हुए कहा कि आप सभी आगामी पर्व व नगर निकाय चुनाव को देखते हुए सभी थाना क्षेत्रों में कानून व्यवस्था को शांति पूर्वक ढंग से सम्पन्न कराने के लिये शांत कमेटी की बैठक भी करें।बैठक में एसपी देहात अतुल कुमार सोनकर, एसपी सिटी मधुबन कुमार सिंह के अलावा जिले के सभी पुलिस सर्कल के क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य सेवाओं में आशाओ की अहम् भूमिका – सीएमओ

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं में और गति लाने के लिए नव चयनित शहरी आशाओं



का आठ दिवसीय मूलभूत प्रशिक्षण का शुभारंभ दर्शन नगर प्रशिक्षण केन्द्र में सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा द्वारा किया गया। इस मौके पर मूलभूत प्रशिक्षण में उपस्थित नव चयनित शहरी आशाओं की शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने में आशाओं की भूमिका पर बात करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रमों और सेवाओं की सभी बच्चों, बड़ो और बुजुर्गों में पंहुच बनाने में आशा स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ हैं। वर्तमान समय में हम सभी इससे बखूबी वाकिफ हैं की स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों का संचालन और उनकी सफलता की उम्मीद में आशा की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण हो चुकी है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा ने प्रशिक्षण में प्रतिभाग कर रहीं सभी नव चयनित शहरी आशाओं को प्रेरित किया कि वो मन से अपने प्रशिक्षण को पूर्ण करें जिससे प्रशिक्षण उपरान्त जब फील्ड में जाएं तो उन्हे किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।इस अवसर पर अर्बन नोडल डॉ वेद प्रकाश त्रिपाठी, अर्बन समन्वयक सुशील के साथ साथ प्रशिक्षक गण डाव सी पी सिंह, एन बी मिश्रा व वी पी सिंह उपस्थित रहे।

## नगर निकाय चुनाव में द्वितीय चरण के मतदान के लिए अयोध्या हुई शुरू

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) नगर निकाय चुनाव में द्वितीय चरण के मतदान के लिए अयोध्या में भी शुरू हुई।जो नामांकन प्रक्रिया 24 अप्रैल तक चलेगा।जिला निर्वाचन अधिकारी नीतीश कुमार ने पुलिस कप्तान मुनिराज जी के साथ नामांकन स्थल का निरीक्षण किया।नामांकन पत्रों की जांच वापसी व प्रतीक आवंटन के बाद 11 मई को मतदान होगा।13 मई को मतगणना होगी।राजकीय इंटर कॉलेज के स्ट्रांग रूम में ईवीएम व मतपेटियां रखी जाएगी।राजकीय इंटर कॉलेज में नगर निगम व गोसाईगंज नगर पंचायत की मतगणना भी होगी।अन्य नगर पंचायतों की संबंधित स्कूलों में मतगणना होगी। अयोध्या जनपद में एक नगर निगम, एक नगर पालिका व 6 नगर पंचायत है। इसके अलावा 169 वार्ड, 169 मतदान केंद्र, 467 मतदान स्थल पर 499742 मतदाता मतदान करेंगे।जनपद में 54 अति संवेदनशील मतदान केंद्र तथा 20 अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र चिह्नित किए गए हैं।अयोध्या नगर निगम में 60 वार्ड है।


सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** सन्दर्भ संख्या – 24 / 234 / 2019 / **R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com



**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख / समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।